# M.G.M. ALLIED HEALTH SCIENCES INSTITUTE (MAHSI)
## M.G.M. MEDICAL COLLEGE & ASSCOIATED HOSPITALS, INDORE (M.P.)
(Permitted by Dept. of Medical Education Govt. of M.P., Affiliated to M.P. Medical Science University, Jabalpur & D.A.V.V. Indore)
E-mail : mahsimgm@gmail.com, Ph. No. : 0731-2528516, Fax : 0731-2514628


क्रमांक : 2262 / प्रवेश / MAHSI / 2020 इंदौर, दिनांक : 7/10/2020

# प्रवेश सूचना : शैक्षणिक सत्र 2020 – 21

## फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल पाठ्क्रमों में (अनंतिम) प्रवेश हेतु

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महविद्यालय एवं सम्वद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इंदौर की स्ववित्त स्वायत्त संस्था एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट (MAHSI) में संचालित फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल डिग्री,डिप्लोमा ,प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया 12 अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ हो रही है। प्रवेश हेतु विस्तृत विज्ञप्ति, आवेदन पत्र मय प्रवेश विवरणिका चिकित्सा महाविधालय की वेबसाइट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध होंगे।

स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम एम.पी.टी.–आर्थोपेडिक्स / न्यूरोलॉजी / स्पोर्ट्स / कार्डिओथोरासिक / ऑब्स एवं गायनोकॉलोजी में उपलब्ध कुल 25 सीटों पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से बी.पी. टी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

डिग्री /डिप्लोमा /प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 365 सीट उपलब्ध है। आवेदक को 12वी (10+2) परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड /संस्था से बायोलॉजी ,केमिस्ट्री ,फिजिक्स /व्यवसायिक पाठ्यक्रम – बायोटेक्नोलॉजी बिषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया में मध्यप्रदेश राज्य के आरक्षण सम्वन्धी नियमो का पालन किया जावेगा।

| महत्त्वपूर्ण तिथियां | डिग्री /डिप्लोमा /प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम हेतु | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.पी.टी.) हेतु |
|---|---|---|
| आवेदन पत्र एवं प्रवेश विवरणिका की वेबसाइट पर उपलब्धता | 12–10–2020 से 05–11–2020 तक | 12–10–2020 से 05–11–2020 तक |
| आवेदन पत्र (लिंक पर ऑनलाइन / संस्था में ऑफलाइन )जमा करने की अंतिम तिथि | 05–11–2020 | 05–11–2020 |
| काउन्सलिंग द्वारा प्रवेश की तिथियां | 18–11–2020 से 21–11–2020 तक | 11–11–2020 |

नोट :–उक्त तिथियों /प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के संभावित परिवर्तन की सूचना वेबसाइट www.mgmmcindore.in /महाविधालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी। कृपया समय–समय पर अवलोकन करते रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविधालय एवं
सम्वद्ध चिकित्सालय(स्वशासी संस्था),इंदौर (म.प्र.)

DEAN
M.G.M. MEDICAL COLLEGE
INDORE (M.P.)

# एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट (MAHSI)
# महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय (स्वसाशी संस्था),इंदौर (म.प्र.)

क्रमांक 2263 / प्रवेश /MAHSI/2020 इंदौर, दिनांक 7/10/2020

## फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में (अनंतिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2020–21

स्वशासी महात्मा गॉंधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कि स्वायत्त स्ववित्तपोषित संस्था एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट (MAHSI) के अन्तर्गत सत्र 2020–21 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदक को 12 वी (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से बॉयलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी/व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12 वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी विषयों में प्राप्त अंको की मेरिट (प्रावीण्य) सूचि के आधार पर दिए जावेगें। आवेदक की उम्र 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति में 17 वर्ष से अधिक एवं 25 वर्ष से कम होनी चाहिए। पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी विवरणिका में उपलब्ध होगी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र | पाठ्यक्रम की अवधि | प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी) | डिग्री | 4.5 वर्ष | 100 |
| 2 | बैचलर ऑफ आक्यूपेश्नल थेरेपी (बी.ओ.टी.) | डिग्री | 4.5 वर्ष | 30 |
| 3 | बैचलर ऑफ एक्स–रे रेडियोग्राफर | डिग्री | 03 वर्ष | 20 |
| 4 | डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 25 |
| 5 | डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 6 | डिप्लोमा इन माइक्रोबायोलॉजी टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 25 |
| 7 | डिप्लोमा इन क्लिनिकल बायोकेमेस्ट्री टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 8 | डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 9 | डिप्लोमा इन ह्यूमन न्यूट्रिशियन टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 10 | डिप्लोमा इन आप्थेलमिक असिस्टेन्ट | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 11 | डिप्लोमा इन ब्लड्ट्रान्सफ्युजन टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 25 |
| 12 | डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 13 | सर्टीफिकेट कोर्स इन ऑपरेशन थेटर टेक्निशियन (ओ.टी.) | प्रमाण पत्र | 01 वर्ष | 20 |
| 14 | सर्टीफिकेट कोर्स इन रेस्पीरेट्री टेक्निशियन | प्रमाण पत्र | 01 वर्ष | 20 |
| | | | कुल सीटो की संख्या | 365 |

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर आरक्षण का लाभ म.प्र. शासन के नियमानुसार (केवल म.प्र. के मूल निवासी आवेदक को ही देय होगा) उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणीका मय आवेदन पत्र महात्मा गॉंधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाईट www.mgmmcindore.in पर दिनांक 12–10–2020 से उपलब्ध होगे। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन मय संलग्नको के एवं देय शुल्क रूपये 500/– अनारक्षित वर्ग तथा रूपये 300/– आरक्षित वर्ग का बैंक ड्राफ्ट स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी, इन्दौर के नाम से संलग्न कर दिनांक 05–11–2020 तक एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साईन्स इन्सटिट्यूट (महासी बिल्डिंग) ओल्ड स्कूल ऑफ नर्सिग बिल्डिंग, टी.बी. हास्पिटल के पास, के.ई.एच. कम्पाउन्ड, एम.वाय. हास्पिटल कैम्पस, होटल श्रीमाया के सामने, इन्दौर (452001) में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा करवाना अनिवार्य है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन लिंक https://forms.gle/QetFtjLQtYFAVQax7 पर एंड्राइड मोबाइल / कंप्यूटर से भी ऑनलाइन दिनांक 12–10–2020 से दिनांक 05–11–2020 तक सबमिट किये जा सकेंगे। आवेदन जमा करने हेतु आवश्यक सहयोग हेतु व्हाट्सप्प न. 8839234365 पर व्हाट्सप्प प्रेषित कर सहयोग लिया जा सकता है।

आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 05–11–2020 है, विलंब शुल्क रूपये 200/– सहित आवेदन फार्म 07–11–2020 को शाम 05:00 बजे तक जमा किये जा सकते है। उक्त समयावधी पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पाठ्यक्रमों में वरियता सूची अनुसार काउंन्लिग द्वारा प्रवेश की तिथिंया निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | काउन्सलिंग दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक कोर्स हेतु काउन्सलिंग | 18–11–2020 एवं 19 –11–2020 प्रातः 09:00 बजे |
| 2 | डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र कोर्स हेतु काउन्सलिंग | 20–11–2020 एवं 21 –11–2020 प्रातः 09:00 बजे |

काउन्सलिंग प्रक्रिया उक्त तिथियों को प्रातः 09:00 बजे से एम.जी.एम.अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टिट्यूट (MAHSI), इन्दौर में आयोजित की जावेगी। पात्र आवेदक वेबसाईट पर दी गई सूची अनुसार काउंसलिंग में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

नोटः– 1. उपरोक्त पाठ्यक्रम में किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की सख्या कम या ज्यादा करने का अधिकार संस्था का रहेगा।

2. यदि अपरिहार्य कारणों से काउन्सलिंग की तिथियां परिवर्तित/स्थगित होती है तो उसकी सूचना वेबसाईट/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।

7.10.2020

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गॉंधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

DEAN
M.G.M. MEDICAL COLLEGE
INDORE (M.P.)

M.G.M. ALLIED HEALTH SCIENCES INSTITUTE (MAHSI)
M.G.M. MEDICAL COLLEGE & ASSCOIATED HOSPITALS, INDORE (M.P.)
(Permitted by Dept. of Medical Education Govt. of M.P., Affiliated to M.P. Medical Science University, Jabalpur & D.A.V.V. Indore)
E-mail : mahsimgm@gmail.com, Ph. No. : 0731-2528516, Fax : 0731-2514628

क्रमांक 2264 / प्रवेश / MAHSI / 2020 इंदौर , दिनांक 7/10/2020

## फिजियोथेरेपी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम(एम.पी.टी) मे प्रवेश (अनंतिम) हेतु विज्ञापन वर्ष 2020–21

एम.जी.एम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टीट्यूट, (MAHSI) इंदौर के अंतर्गत सत्र 2020–21के लिए दो वर्षीय मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों(एम.पी.टी– आर्थोपेडिक, न्यूरोलॉजी, स्पोर्ट्स, कार्डियोथोरेसिक एवं ओब्स एंड गायनेकोलॉजी) में प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीपीटी में स्नातक उपाधि (बीपीटी इंटर्नशिप काउंसलिंग तिथि के पूर्व पूर्ण होना चाहिए) उत्तीर्ण आवेदकों के आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत बीपीटी स्तर की आवश्यक प्रवेश परीक्षा दिनांक 07–11–2020 को प्रातः 10:00 बजे आयोजित की जाएगी।

### एम.पी.टी पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण

| MPT Ortho | MPT Neuro | MPT Sports | MPT Cardio | MPT Obs/Gyn | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 05 | 05 | 05 | 05 | 25 |

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर मध्य प्रदेश राज्य शासन के आरक्षण संबंधी नियमों का प्रावधान है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणिका मय आवेदन–पत्र महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर की वेबसाइट www.mgmmcindore.in पर दिनांक 12–10–2020 से दिनांक 05–11–2020 तक उपलब्ध होगी । पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन मय संलग्नों एवं देय शुल्क रु 850/– अनारक्षित वर्ग तथा अन्य पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए रुपए 600/– नगद /ऑनलाइन अथवा बैंक ड्राफ्ट स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी इंदौर के नाम से संलग्न कर जमा करने की अंतिम तिथि 05–11–2020 (अपराहन 5:00 बजे) तक एम.जी.एम अलाइड हेल्थ साइंसेज इंस्टीट्यूट, (MAHSI बिल्डिंग) ओल्ड स्कूल ऑफ नर्सिंग बिल्डिंग, टीबी हॉस्पिटल के.ई.एच. कम्पाउण्ड एम.वाय.हॉस्पिटल कैंपस होटल श्रीमाया के सामने इंदौर 452001 मे डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है।

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन लिंक https://forms.gle/yVsjjby5soeiicEB9 पर एंड्राइड मोबाइल / कंप्यूटर से भी ऑनलाइन दिनांक 12–10–2020 से दिनांक 05–11–2020 तक सबमिट किये जा सकेंगे। आवेदन जमा करने हेतु आवश्यक सहयोग हेतु व्हाट्सप्प न. 8839234365 पर व्हाट्सप्प प्रेषित कर सहयोग लिया जा सकता है। उक्त समय अवधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिनांक 07–11–2020 को आयोजित प्रवेश परीक्षा की प्रावीण्य सूची के अनुसार काउंसलिंग दिनांक 11–11–2020 को प्रातः 10:00 बजे आयोजित की जाएगी ।

नोटः– काउंसलिंग की तिथि /स्थान मे परिवर्तन/स्थगन की सूचना वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

7.10.2020

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,इंदौर

DEAN
M.G.M. MEDICAL COLLEGE
INDORE (M.P.)